दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 23 अगस्त 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 323

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीतारमण आज करेंगी राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन का शुभारंभ

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन का शुभारंभ करेंगी। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) में केंद्र सरकार की ब्राउनफील्ड अवसंरचना परिसंपत्तियों की चार-वर्षीय पाइपलाइन भी शामिल है। निवेशकों को दृश्यता प्रदान करने के अलावा, एनएमपी सरकार की परिसंपत्ति मुद्रीकरण पहल के लिए एक मध्यम अवधि के रोडमैप के रूप में भी कार्य करेगी। केंद्रीय बजट 2021-22 में अवसंरचना निर्माण के लिए नवीन और वैकल्पिक वित्तपोषण जुटाने के साधन के रूप में परिसंपत्ति मुद्रीकरण पर बहुत जोर दिया गया था और इसमें कई प्रमुख घोषणाओं को भी शामिल किया गया था। राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन पुस्तक का विमोचन नीति आयोग के उपाध्यक्ष, डॉ राजीव कुमार, सीईओ, श्री अमिताभ कांत और संबंधित मंत्रालयों,जिनकी परिसंपत्तियां पर मुद्रीकरण पाइपलाइन आधारित है, के सचिवों की उपस्थिति में किया जाएगा।

### 9 साल के बच्चे का यौन शोषण करने के आरोप में 19 वर्षीय छात्र गिरफ्तार

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई के उप नगरीय इलाके गोरेगांव में पुलिस ने एक बच्चे के अप्राकृतिक यौन शोषण के आरोप में 19 वर्षीय छात्र को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना शुक्रवार दोपहर को हुई जब 9 साल का बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। अधिकारी ने कहा कि आरोपी बच्चे को जानता था और उसने कथित तौर पर बच्चे को अपनी झुग्गी में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्चे ने बाद में घटना के बारे में अपनी मां को बताया जो उसे लेकर पास के अस्पताल में गई और बांगुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दो घंटे में आरोपी को पकड़ लिया और उस पर भारतीय दंड संहिता तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### मेक्सिको में ग्रेस तूफान से आठ की मौत, तीन लापता

**क्सिको सिटी।** पूर्वी मेक्सिको में आए ग्रेस तूफान की चपेट में आने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और तीन लोग लापता हो गए हैं। वेराक्रूज प्रांत के गवर्नर कुइटलाहुआक गार्सिया ने यह जानकारी दी है। गार्सिया ने शनिवार को बताया कि तड़के 205 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की हवाओं के साथ वेराक्रूज पहुंचे ग्रेस तूफान से 20 से अधिक नगर पालिकाओं में बाढ़ आ गई। यह इस मौसम का दूसरा अटलांटिक तूफान है। उन्होंने कहा कि तूफान के कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और तीन लोग लापता बताए गए है। उन्होंने कहा कि तूफान प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस और सेना के जवान राहत और बचाव कार्य में लगे हुए है। तूफान के बाद आयी बाढ़ का पानी घरों में भर गया है और सड़के घंस गई है तथा कई इलाकों में कटी गई बिजली को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नौतला नगर पालिका में आंधी और बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में फसल बर्बाद हो गई और सड़कों पर पानी भर गया है। राष्ट्रीय जल आयोग (कोनागुआ) की रिपोर्ट के अनुसार ग्रेस तूफान कमजोर पड़ गया।

### ईरान में कोविड-19 से एक ही दिन में सर्वाधिक 684 मरीजों की मौत

**तेहरान।** ईरान में महामारी की शुरुआत के बाद से रविवार को कोविड-19 के कारण एक ही दिन में सबसे अधिक 684 मरीजों की मौत दर्ज की गई। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में इस घातक वायरस के कारण 684 मरीजों की मौत हुई जबकि इसी अवधि में कोरोना वायरस संक्रमण के 36,400 नए मामले सामने आए। ईरान में 17 अगस्त को अब तक एक ही दिन में सर्वाधिक 50,000 से अधिक नए मामले दर्ज किए गए थे। देश में पांच दिवसीय लॉकडाउन शनिवार को समाप्त हुआ है। ईरान वर्तमान में महामारी की पांचवीं लहर से जूझ रहा है और इस दौरान बेहद संक्रामक डेल्टा स्वरूप के मामले भी सामने आ रहे हैं। देश में टीकाकरण की रफ्तार भी धीमी है और अब तक करीब सात फीसदी आबादी को ही कोविड-रोधी टीके की दोनों खुराक दी जा सकी हैं।

# भारतीय वायुसेना के सैन्य परिवहन विमान ने काबुल से 168 लोगों को बाहर निकाला



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** काबुल पर एक सप्ताह पहले तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान की राजधानी में खराब होती सुरक्षा स्थिति के बीच भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक सैन्य परिवहन विमान ने काबुल से 107 भारतीयों समेत 168 लोगों को रविवार को वहां से निकाला। इस संबंध में जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना के एक सैन्य परिवहन विमान में 87 अन्य भारतीयों और दो नेपाली नागरिकों को शनिवार को काबुल से ताजिकिस्तान की राजधानी दुशाम्बे ले जाया गया और यह समूह रविवार तड़के वहां से एअर इंडिया के एक विशेष विमान से दिल्ली पहुंचा।

इस बीच, अमेरिका और नाटो के विमान के जरिए पिछले कुछ दिन में काबुल से दोहा ले जाए गए 135 लोगों का एक समूह भी भारत पहुंचा। ऐसा बताया जा रहा है कि काबुल से दोहा लाए गए भारतीय अफगानिस्तान स्थित कई विदेशी कंपनियों के कर्मी हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, 'भारतीयों की निकासी जारी है। भारत के 107 नागरिकों समेत 168 यात्री भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से काबुल से दिल्ली लाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विमान में कई बड़े सिख नेता भी हैं। बागची ने देर रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर ट्वीट किया, ''अफगानिस्तान से भारतीयों को वापस लाया जा रहा है। एआई1956 विमान ताजिकिस्तान से कुल 87 भारतीयों को नयी दिल्ली ला रहा है। दो नेपाली नागरिकों को भी लाया जा रहा है। इसमें दुशाम्बे में स्थित भारत के दूतावास ने सहायता की। लोगों को निकालने के लिए और उड़ानों का प्रबंधन किया जाएगा।

तालिबान के पिछले रविवार को काबुल पर कब्जा जमाने के बाद भारत अफगान राजधानी से पहले ही भारतीय राजदूत और दूतावास के अन्य कर्मियों समेत 200 लोगों को वायुसेना के दो सी-19 परिवहन विमानों के जरिये वहां से निकाल चुका है। सोमवार को 40 से ज्यादा भारतीयों को लेकर पहली उड़ान भारत पहुंची थी। भारतीय राजनयिकों, अधिकारियों एवं सुरक्षाकर्मियों और वहां फंसे कुछ भारतीयों समेत करीब 150 लोगों के साथ दूसरा सी-17 विमान मंगलवार को भारत पहुंचा था।

अमेरिका की मदद से करीब 200 भारतीयों को निकालने के मिशन को अंजाम दिया गया। एक अनुमान के मुताबिक, अफगानिस्तान में करीब 400 भारतीय फंसे हो सकते हैं और भारत उन्हें वहां से निकालने का प्रयास कर रहा है और इसके लिए वह अमेरिका एवं अन्य मित्र राष्ट्रों के साथ समन्वय से काम कर रहा है।

## अफगानिस्तान से भारत लौट रहे लोगों को दी जाएगी पोलियो की फ्री वैक्सीन



### » बोले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि भारत ने अफगानिस्तान से लौट रहे लोगों को एहतियाती उपाय के तहत पोलियो रोधी टीका निःशुल्क लगाने का फैसला किया है। मंत्री ने ट्विटर पर एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें युद्धग्रस्त देश से लौटे लोगों को दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टीका लगवाते हुए देखा जा सकता है। दुनिया में अफगानिस्तान और पाकिस्तान ही ऐसे दो देश हैं जहां पोलियो अब भी 'एन्डेमिक (किसी विशेष स्थान या व्यक्ति वर्ग में नियमित रूप से पाया जाने वाला रोग) है। मांडविया ने ट्वीट किया, हमने अफगानिस्तान से लौट रहे लोगों को 'वाइल्ड पोलियो वायरस के खिलाफ एहतियातन निःशुल्क पोलियो रोधी टीका - ओपीवी एवं एफआईपीवी लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य टीम को उनके प्रयास के लिए बधाई।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता एल गणेशन मणिपुर के नए राज्यपाल नियुक्त



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** तमिलनाडु से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एल. गणेशन को रविवार को मणिपुर का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया।

नजमा हेपतुल्ला की इस महीने की शुरुआत में सेवानिवृत्ति के बाद मणिपुर के राज्यपाल का पद रिक्त हो गया था।

राष्ट्रपति भवन ने एक विज्ञप्ति जारी करके बताया कि गणेशन ''मणिपुर के राज्यपाल के कार्यालय का पदभार ग्रहण करने की तारीख से राज्य के नए राज्यपाल'' होंगे। हेपतुल्ला 10 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गई थीं और इसी दिन मणिपुर के राज्यपाल का प्रभार सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद को सौंपा गया था।

## नहीं रहे पूर्व सीएम कल्याण सिंह, 89 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**लखनऊ (आरएनएस)।** भाजपा के दिग्गज नेता व यूपी के पूर्व सीएम व राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह का शनिवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। लंबी बीमारी और शरीर के कई अंगों के धीरे-धीरे फेल होने के कारण शनिवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली।

4 जुलाई को पूर्व सीएम कल्याण सिंह को लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से पीजीआई में शिफ्ट किया गया था. आईसीयू में इलाज के चार दिन बाद उनकी तबीयत बेहतर हुई थी, लेकिन बाद में फिर से उनकी स्थिति खराब हो गई, तब से उनकी हालत में किसी भी तरह का सुधार होता नहीं हो रहा था. 17 जुलाई को अचानक सांस लेने में तकलीफ के बाद से वह लगातार ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे.

पूर्व सीएम कल्याण सिंह कई परेशानियों से जूझ रहे थे. उन्हें 27 जून को पैरोटेड ग्लैंड में संक्रमण के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था. वहीं अचानक उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट अटैक आ गया था. जिसके बाद उन्हें पीजीआई में शिफ्ट कर दिया गया था. कल्याण सिंह की नाजुक हालत की खबर मिलते ही यूपी के सीएम योगी



आदित्यनाथ कई बार उनसे मिलने पीजीआई जा चुके थे.

कल्याण सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे. 21 जून को अनियंत्रित ब्लड शुगर और बीपी आदि की शिकायत के बाद उन्हें लखनऊ के लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया था. जहां पर उनका इलाज चल रहा था, लेकिन 3 जुलाई की रात बीपी ज्यादा बढ़ने के कारण कल्याण सिंह को माइनर अटैक पड़ा, जिसके बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था. इसके बाद चार जुलाई को उन्हें संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में एडमिट कराया गया था.

जब से पूर्व सीएम कल्याण सिंह अस्पताल में भर्ती हुए थे तब से ही बीजेपी के बड़े बड़े नेताओं का पीजीआई आना-जाना लगा रहता था. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, उमा भारती, स्मृति ईरानी समेत तमाम नेताओं ने पीजीआई पहुंचकर उनका हालचाल जाना था.

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश का टूटा 13 साल का रिकॉर्ड

### » आज पंजाब-हरियाणा सहित इन राज्यों में सक्रिय रहेगा मॉनसून




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई राज्यों में बाढ़ से हाल बेहाल है। उसपर मौसम विभाग द्वारा एक बार फिर भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। भारत के मौसम को लेकर आने वाले दिनों का ताजा अपडेट जारी किया गया है। वहीं मॉनसून अब बीकानेर, जयपुर, ग्वालियर, सतना, अंबिकापुर, बालासोर से होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी की ओर जा रहा है। पूर्वोत्तर राजस्थान पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं, उत्तरी मध्य प्रदेश के मध्य भाग पर सर्कुलेशन बना हुआ है। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान, दिल्ली एनसीआर और कोंकण और गोवा में मध्यम से भारी बारिश हुई।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 घंटों के दौरान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान, गुजरात के कुछ हिस्सों, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तरी बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम के कुछ हिस्सों, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी। दिल्ली एनसीआर में भी बारिश से मौसम सुहाना हो गया है।

पूर्वी राजस्थान, बाकी गुजरात, तटीय कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, पूर्वी मध्य प्रदेश और झारखंड में हल्की बारिश होने की संभावना है। बीते दिन भी कई जगहों पर जमकर बारिश हुई, जिसके कारण लोगों को एक बार फिर गर्मी से रात मिल गई।

बता दें कि राजधानी दिल्ली में शनिवार को 138.8 मिमी बारिश दर्ज की गई, मौसम विभाग ने कहा कि अगस्त के महीने में एक दिन की बारिश बीते 13 सालों में सबसे ज्यादा और 1961 के बाद से नौवीं सबसे अधिक थी। मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 2 अगस्त, 1961 को अगस्त महीने में अब तक की सबसे अधिक एक दिन की बारिश 184 मिमी दर्ज की गई थी। यहां लोगों को बारिश के बाद गर्मी के राहत मिली है।

## देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या पिछले 152 दिन में सबसे कम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत में पिछले एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 30,948 नए मामले सामने आए और कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,53,398 रह गई जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.09 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। रविवार सुबह के आंकड़ों के अनुसार संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 3,24,24,234 हो गए हैं। इसके अलावा पिछले 24 घंटे में देश में महामारी से 403 और मरीजों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या 4,34,367 पर पहुंच गई। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बताया गया कि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 3,53,398 रह गई है जो कि पिछले 152 दिन में सबसे कम है। मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 से उबरने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर बढ़कर 97.57 प्रतिशत हो गई है जो कि मार्च 2020 के बाद से सबसे ज्यादा है। पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 7,942 की गिरावट देखी गई है। पिछले एक दिन में महामारी से हुई मौत में 145 महाराष्ट्र और 83 केरल में दर्ज हुई हैं।

## अफगान महिला ने अमेरिकी सेना के विमान में दिया बच्चे को जन्म



**बर्लिन।** अमेरिकी सेना के मुताबिक पश्चिम एशिया से जर्मनी के रामस्टीन वायु सैन्य अड्डे की ओर जा रहे सी-17 विमान में सवार होने के बाद एक अफगान महिला ने बच्चे को जन्म दिया।

अफगानिस्तान से निकाले जा रहे लोगों के लिए रामस्टीन वायु सैन्य अड्डे को एक ट्रांजिट पोस्ट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

अमेरिकी सेना की एयर मॉबिलिटी कमान ने ट्वीट कर कहा कि शनिवार को उड़ान के दौरान गर्भवती अफगान महिला को परेशानी होने लगी। विमान कमांडर ने विमान में वायु दाब बढ़ाने के लिए ऊंचाई को कम करने का फैसला किया, जिससे महिला के जीवन को बचाने में मदद मिली। रामस्टीन वायु सैन्य अड्डे पहुंचने पर अमेरिकी चिकित्सा कर्मियों ने विमान में आकर महिला को प्रसव में मदद की। अमेरिकी सेना ने कहा, विमान में जन्म लेने वाली बच्ची और उसकी मां दोनों को ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करा दिया गया और दोनों ही स्वस्थ हैं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तालिबान के बढ़ते हुए प्रभाव के कारण महिलाओं के अधिकारों और उनकी स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के लिए उड़ान परिचालन अस्थायी रूप से रोका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के लिए अपना उड़ान परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया है और फिलहाल वह किसी भी व्यक्ति को वापस नहीं ला रहा है।

पिछले सप्ताह युद्धग्रस्त देश पर तालिबान के कब्जे के बाद सरकार संचालित 'पाकिस्तान इंटरनेशनल एअरलाइंस' (पीआईए) इस्लामाबाद की एकमात्र वाणिज्य एअरलाइन थी जो अफगानिस्तान से राजनयिकों और विदेशी नागरिकों को निकालने में मदद के लिए काबुल तक और काबुल से उड़ानों का परिचालन कर रही थी।

जियो न्यूज़ ने शनिवार को कहा कि काबुल स्थित हामिद करज़ई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कम सुविधाओं और रनवे पर कूड़े के ढेर की वजह से काबुल के लिए उड़ान परिचालन को अस्थायी रूप से रोक दिया है।

घटनाक्रम से अवगत सूत्रों के हवाले से चैनल ने खबर दी कि काबुल हवाईअड्डे पर कोई आव्रजन अधिकारी नहीं है और न ही कोई सुरक्षा जांच की जा रही है तथा देश पर तालिबान के कब्जे के बाद से सफाईकर्मी अपनी ड्यूटी नहीं कर रहे हैं।

सूत्रों ने आशंका जताई कि हवाईअड्डे के रनवे पर कूड़े के ढेर के कारण दुर्घटना हो सकती है। खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि काबुल हवाईअड्डे की सुरक्षा अमेरिका के हाथ में है और उसे सिर्फ सैन्य विमानों में रुचि है।

'रेडियो पाकिस्तान' ने भी खबर दी है कि काबुल हवाईअड्डे पर जरूरी सुविधाएं न होने की वजह से पीआईए ने अफगानिस्तान के लिए उड़ान परिचालन 'अस्थायी' रुप से रोक दिया है।

पीआईए के प्रवक्ता अब्दुल्ला हफीज़ के हवाले से खबर में कहा गया है कि उड़ान परिचालन अगले कुछ दिनों तक बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि पीआईए ने पांच उड़ानों के जरिए अब तक 1,500 लोगों को निकाला है जिनमें पत्रकार, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और पाकिस्तानी नागरिक शामिल हैं।